

अय्यर ने शॉर्ट बॉल की अपनी कमजोरी पर भी काम किया है और दबाव में रन बनाने के लिए उनकी तारीफ की है। लेकिन इस स्क्वाड में श्रेयस अय्यर को जगह नहीं मिली।

- सौरव गांगुली

भारत के पूर्व कप्तान, श्रेयस अय्यर के चयन को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▸ शिखर धवन**



टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज शिखर धवन अपने रिलेशनशिप के कारण काफी चर्चा में हैं। 2023 में अपनी 11 साल की शादी खत्म होने के बाद शिखर ने अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू किया है। उनकी नई प्रेम कहानी की नायिका सोफी शाइन हैं जिन्होंने हाल ही में शिखर के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा कि शिखर की शरारती आंखें और उनका खूबसूरत चेहरा ही वह पहली चीज थी जिसने उन्हें आकर्षित किया। उनका चेहरा बहुत सुंदर था और उनकी आंखों में एक खास शरारत थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका अब तक दोनों टीमों के बीच 123 सालों में 101 टेस्ट हुए। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 54, जबकि साउथ अफ्रीका ने 26 मैच अपने नाम किए। 21 टेस्ट ड्रॉ भी हुए।

## करौली जिला क्रिकेट संघ : हाईकोर्ट ने खेल सचिव के आदेश पर रोक लगाई

करौली, 11 जून। हाईकोर्ट में करोली क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरण माली को अपदस्थ करने के ख़िलाफ़ रजिस्ट्रार सहकारिता और नीरज के पवन के आदेश को चुनौती दी गई थी। खेल सचिव नीरज के पवन ने इस मामले में छह जून को सुनवाई थी और अंतरिम स्टे खारिज कर दिया था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी जिस पर अदालत ने खेल सचिव को आदेश पर रोक लगा दी है।

## केन्द्रीय आवासीय जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर बांसवाड़ा का समापन

जयपुर, 11 जून। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा आयोजित 21 दिवसीय केन्द्रीय आवासीय जनजाति खेलकूद प्रशिक्षण शिविर बांसवाडा का समापन गुरूवार को होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधीश बांसवाडा डॉ. इन्द्रजीत यादव होंगे। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी व मुख्य शिविर निदेशक वीरेन्द्र पूनिया ने बताया कि 23 मई से जनजाति शिविर का आयोजन बांसवाडा में किया जा रहा है। गुरूवार को शिविर का समापन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधीश होंगे, जबकि अध्यक्षता बांसवाडा के पुलिस अधीक्षक हर्ष अग्रवाला करेगें। समारोह के विशिष्ट अतिथि खेल परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा, द्रोणाचार्य अवार्डी व मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया और डीएफओ बांसवाडा अभिषेक शर्मा होंगे। उन्होने बताया कि शिविर में 151 बालक व 122 बालिकाओं सहित कुल 273 खिलाडियों ने भाग लिया है। सभी खिलाडियों को नि:शुल्क भोजन, आवास और प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करवाई गई।

## प्रशिक्षकों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 17 को खेल परिषद में

जयपुर, 11 जून। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलों इंडिया के तहत राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर खेल केन्द्रो के संचालन के लिए राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा खेलों इंडिया केन्द्र खोले गए है। इसी कडी में अब गठित किए गए नये जिलों मे भी इन केन्द्रो को खोला जाना है। इसके लिए 17 को प्रात: 11:30 बजे खेल परिषद मुख्यालय पर प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षक नियुक्त के इच्छुक प्रशिक्षको/खिलाडियों के साक्षात्कार होंगे। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि नये जिलों में शामिल खेरथल-तिजारा, नीम का थाना में कुश्ती, डिडवाना-कुचामन में बास्केटबाल, फलौदी में एथलेटिक्स, जयपुर शाहपुरा स्टेडियम, दिल्ली रोड में कबड्डी, सलूम्बर में फुटबाल, गंगापुर सिटी (सवाई माधौपुर) में ताईक्वांडो और शाहपुरा (भीलवाडा) में तैराकी के प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार लिए जायेगें। इन केन्द्रो के लिए इच्छुक प्रशिक्षक व खिलाडी 25 से 40 वर्ष की आयु वर्ग में होने चाहिए। 25 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक को इसमें शामिल नहीं किया जायेगा।

## जयपुर जिले की टीम के चयन हेतु चयन समिति घोषित

जयपुर, 11 जून। राजस्थान राज्य सब जूनियर व जूनियर बालिका व बालक फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने वाली जयपुर जिले की टीम के चयन हेतु चार सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा खिलाड़ियों का अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की केंद्रीकृत पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के तहत जयपुर जिले में पंजीकरण कराना होगा। जयपुर जिले की टीम का चयन निम्न समिति के माध्यम से किया जाएगा। कार्यकारणी समिति के सदस्य: अब्दुल जब्बार, मनोज शर्मा, डॉ. दिलीप सिंह चुण्डावत, शेबी फिलिप्स।

# कगिसो रबाडा और मार्का यानसन ने ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर रोका



लॉर्ड्स 11 जून। कगिसो रबाडा (पांच विकेट) और मार्को यानसन (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डबल्यूटीसी) 2025 के फाइनल में बल्लेबाजी कर रही ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन के स्कोर पर रोक दिया। भोजनकाल के बाद स्टीव स्मिथ और बो वेब्स्टर ने ऑस्ट्रेलिया पारी को संभाला । दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 79 रनों की साझेदारी हुई। 42वें ओवर में एडन मारक्रम ने स्टीव स्मिथ को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। स्टीव स्मिथ ने 10 चौकों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। इसके बाद एलेक्स कैरी (23) रन बनाकर केशव महाराज को शिकार बने। इसके बाद रबाड़ा और यानसन ने ऑस्ट्रेलिया पारी को समेटने में देर नहीं लगाई। बो वेब्स्टर ने 11 चौकों की मदद से (72) रनों की पारी खेली। उन्हें रबाड़ा ने आउट किया। कप्तान पैट कमिंस (एक) और मिचेल स्टार्क (एक) को रबाड़ा ने बोल्ड आउट किया।

नेथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन बोल्ड किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की टीम को 56.4 ओवर में 212 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। इससे पहले आज यहां लॉर्ड्स के मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (शून्य) का विकेट 12रन के स्कोर पर गवां दिया। उन्हें कगिसो रबाडा ने बेडिघम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कैमरन ग्रीन (चार) को भी रबाड़ा ने आउट किया। जमने का प्रयास कर रहे मार्नस लाबुशेन (17) को 18वें ओवर में मार्को यानसन ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। इसके बाद ट्रैविस हेड (11) भी मार्को यानसन का शिकार बने। यानसन के आउट होते भोजनकाल की घोषणा कर दी गई। दक्षिण अफ्रीका ने भोजनकाल तक ऑस्ट्रेलिया के 23.2 ओवर में 67 रन चार विकेट झटकर मैच में अपना दबदबा बना लिया था दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा ने पांच और मार्को यानसन ने तीन विकेट लिये। केशव महाराज और एडन मारक्रम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने स्टीव स्मिथ



*लॉर्ड्स, 11 जून। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम संकट में थी तब स्टीव स्मिथ टीम के लिए संकटमोचन बने। इस दौरान स्टीव स्मिथ ने एक विश्व कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया। उन्होंने पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर इस पर अपना नाम लिखवा लिया।विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अब तक दो फाइनल हो चुके हैं। इस मैच से पहले तक इसमें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भारत के अजिंक्य रहाणे हुआ करते थे। उन्होंने दो मैचों की चार पारियों में 199 रन बनाए थे। लेकिन अब स्टीव स्मिथ उनसे आगे निकल गए हैं। लॉर्ड्स में स्टीव स्मिथ ने जैसे ही अपने 45 रन पूरे किए, वे रहाणे से आगे निकल गए हैं। इतना ही नहीं वे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में 200 से ज्यादा रन बनाने वाले भी पहले बल्लेबाज बन गए हैं।भारतीय टीम ने साल 2021 और इसके बाद साल 2023 में बैट टू बैक दो फाइनल खेले लेकिन इस बार टीम तीसरे नंबर पर रही और फाइनल में एंट्री नहीं कर पाई। जहां एक ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी बार फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही, वहीं साउथ अफ्रीका की टीम पहली बार फाइनल खेल रही है। अभी तो मैच का पहला ही दिन है लेकिन पहले दिन अब तक साउथ अफ्रीका ने मैच पर शिकंजा कसा हुआ है।*

## आर.डी. बाहेती जिला बैडमिंटन में जयवर्धन, अन्वी, श्रेयांश बने चैम्पियन





जयपुर, 11 जून। आर डी बाहेती जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज तीन फाइनल खेले गए जिसमें महिला एकल में अन्वी राठौर, लड़कों के अंडर 15 आयु वर्ग में श्रेयांश चौधरी, एवं लड़कों के अंडर 17 आयु वर्ग में जयवर्धन सिंह विजेता रहे। महिला एकल में अन्वी राठौर व उत्सवा पालेट के बीच में कड़ा संघर्ष रहा और यह गेम लगभग 55 मिनट चला, इसमें अन्वी राठौर ने उत्सव पायलट को 15-21, 21-15, 21-8 से परास्त किया। वहीं अंडर 15 लड़कों में भी फैसला 3 गेमों में हुआ श्रेयांश चौधरी ने सनी जांगिड़ को 16- 21, 21- 11 ,21- 8 से परास्त किया। लड़कों के अंडर 17 सिंगल्स में जयवर्धन सिंह ने देवाशीष प्रजापत को सीधे गेमों में 21- 14, 21 -19 से हरा फाइनल जीता। आज के मुख्य अतिथि आर डी बाहेती ट्रस्ट के प्रदीप बाहेती व जिला सचिव मनोज दासोत ने सभी फाइनल में पहुंचे खिलाड़ियों का माल्यार्पण पर स्वागत किया। ये खिलाड़ी सनी जांगिड़, श्रेयांश चौधरी, जयवर्धन सिंह, देवाशीष प्रजापत, अंबर चंद्रवंशी ,अन्वी राठौर, उत्सवा पालेट ,पद्मजा सिंह ,गरिमा यादव अपेक्षा चौधरी रहे।ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री अतुल गुप्ता के अनुसार 15, 17 आयु वर्ग व सीनियर के डबल्स के मैच आज खेले गए तथा खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल खेल सेमीफाइनल में पहुंचे कल सभी डबल्स के सेमीफाइनल व फाइनल खेले जाएंगे। इनके अलावा पुरुष एकल, अंडर 15 लड़कियों का एकल में, अंडर 17 लड़कियों का एकल फाइनल कल खेले जाएंगे। कल सुबह 9 बजे से सेशन शुरू होगा। कल अंडर 11 अंडर 13 के सिंगल्स भी खेले जाएंगे।

## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता



जयपुर 11जून, आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्माने बताया कि बीसीसीआई केआगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में आज जयपुर,श्रीगंगानगर, राजसमंद, नागौर, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़,जोधपुर, टोंक, बांसवाड़ा, चूरू, अजमेर, झालावाड़, झुंझनू, कोटा, धौलपुर, बीकानेर जीते आज कार्तिक शर्मा, मानेन्द्र सिंह, रामनिवास गोलाडा, जयंत, मोहित बोहरा, साहिल दीवान, विशाल सैनी, देवांश सिंह, सौरभ गोदारा, सौरव यादव, शाहरुख, कन्हैया रैगर, रामेश्वर गायरी, शबाज, शिवा चौहान, कुणाल सिंह राठौर का शानदार प्रदर्शन रहा।

## पैराग्वे को हराकर ब्राजील ने किया विश्वकप के लिए क्वालीफाई

साओ पाउलो, 11 जून। विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गये गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है। ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गये है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है। ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्वाडोर और पेरू से होगा।

## इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में विंडीज का किया सूपड़ा साफ



साउथेम्प्टन (इंग्लैंड) 11 जून। बेन डकेट (84) और जेमी स्मिथ (60) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद ल्यूक वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉनसन चार्ल्स (नौ) और एविन लुइस (नौ) के विकेट 37 रन के स्कोर पर गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप और शिमरॉन हेटमायर ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जेकब बेथेल ने शिमरॉन हेटमायर आठ गेंदों में (26) रन को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में ब्राइडन कार्स ने साई होप 27 गेंदों में (45) रन को आउटकर वेस्टइंडीज को तगड़ा झटका दिया। शरफेन रदरफोर्ड (एक), रोमारियो शेफर्ड (शून्य) को आदिल राशीद ने अपना शिकार बनाया। जेसन होल्डर 12 गेंदों में (25) और गुडाकेश मोती (एक) को ल्यूक वुड ने आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमन पॉवेल ने 45 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 79) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी और 37 रनों से मैच हार गई। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने तीन और ल्यूक वुड ने दो विकेट लिये। ब्राइडन कार्स, लियम डॉसन और जेकब बेथेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने मंगलवार देर रात तीसरे टी-20 मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करते उतरी इंग्लैंड के लिए बेन डकेट और जेमी स्मिथ की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़े। नौवें ओवर में गुडाकेश मोती ने जेमी स्मिथ को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। जेमी स्मिथ ने 26 गेंदों में पांच छक्के और चार चौकों की मदद से (60) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जॉस बटलर 10 गेंदों में (22) रन को शरफेन रदरफोर्ड ने हेटमायर के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। 15वें ओवर में अकील हुसैन ने बेन डकेट को बोल्ड कर उनके शतक बनाने के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

## इंग्लैंड क्यूरेटर से हेड कोच गौतम गंभीर ने की डिमांड

नई दिल्ली, 11 जून। बेकेनहैम काउंटी ग्राउंड के हेड पिच क्यूरेटर जोश मार्डेन ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। दरअसल, जोश मार्डेन ने बताया है कि हेड कोच गंभीर और मैनेजमेंट ने उनको इंग्लैंड के बहुप्रतीक्षित दौरे की तैयारियों के संबंध में मैसेज दिया था कि उन्हें एक अच्छी पिच चाहिए। 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड में कर रही है।टीम इंडिया ने साउथ ईस्ट लंदन के बेकेनहैम में एक ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया है, जहां वे अपने बल्लेबाजी दिग्गजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना पहली द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रहे हैं, जिससे एक नए युग की शुरुआत हो रही है।रेवस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेनिंग के लिए पिच क्यूरेटर से भारतीय टीम ने एक अच्छी पिच तैयार करने के लिए कहा है। मार्डेन ने बताया कि, हां गौतम गंभीर और अन्य कोचिंग स्टाफ ने अपनी आंतरिक बैठक के बाद हमसे बात की। उनका संदेस स्पष्ट था कि हमें एक अच्छी पिच चाहिए। बहुत सपाट या बहुत हरी नहीं, बल्कि ऐसी जो वास्तव में मैच की तैयारी में मदद करे। वे अधिक रियलिस्टिक कंडीशंस चाहते थे ना कि केवल बल्लेबाजी अभ्यास। इसलिए हमने कुछ चीजों को एडजस्ट किया। घास का कवर, नेट की चौड़ाई और लेंत का विस्तार। इसके बाद से फीडबैक अच्छा रहा है।



# ईआरसीपी से चम्बल, काली सिंध और पार्वती नदी का पानी लालसोट पहुंचेगा : जल संसाधन मंत्री

▪ लालसोट के पास समेल में करीब 20-20 करोड़ की लागत से निर्मित एनिकटों का लोकार्पण समारोह

दौसा/जयपुर। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की तस्वीर और दशा-दिशा बदलने वाली पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के माध्यम से चम्बल, काली सिंध और पार्वती नदी का पानी लालसोट की धरती पर आएगा और जनता एवं खेती की प्यास बुझाएगा। मंत्री रावत बुधवार को यहां लालसोट के पास समेल में करीब 20-20 करोड़ की लागत से निर्मित दो एनिकटों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि पूर्वी राजस्थान की पानी की समस्या की गंभीरता को समझते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ईआरसीपी योजना को धरातल पर उतारने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिससे पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों को जोड़ा गया है। इस योजना का टेंडर होकर काम चालू हो गया है। उन्होंने कहा कि लालसोट क्षेत्र का मोरेल बांध भी इससे जुड़ा है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य बांधों को भी जोड़ने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर चम्बल, काली सिंध और पार्वती नदी का पानी लालसोट की धरती पर आएगा। व्यर्थ बहकर जाने वाले बरसात के पानी से यहां की जनता की प्यास बुझेगी, खेतों में सिंचाई होगी और उद्योग-धंधे फलीभूत होंगे।

जल संसाधन मंत्री ने 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'जल है तो कल है'। जल के बिना हम जीने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। पानी प्रकृति की अमूल्य देन है, जिसे हम पैदा नहीं कर सकते हैं, केवल संरक्षित करके ही उपयोग में ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में लोग बावड़ियों एवं कुओं से ही पानी पीते थे, लेकिन कालान्तर में समय के साथ बावड़ियां, कुएं और तालाब दुर्दशा के शिकार होते गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भागीरथी प्रयास से इन बावड़ियों, तालाबों एवं बांधों की साफ-सफाई और संरक्षण के लिए एक पखवाड़े का वृहद स्तर पर अभियान चालू किया है। उन्होंने आमजन से इस अभियान से जुड़ने का आव्हान करते हुए कहा कि जब अमृत रूपी बरसाती पानी धरती पर गिरता है तो हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि उस पानी को संरक्षित करें और बचाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। हम सब लोग भी अपने-अपने क्षेत्र में और दूरदराज के गांव-ढाणियों में नदी किनारों और तालाबों की पाल पर जाकर जनजागरण का काम करें।





मंत्री रावत ने समेल में करीब 20-20 करोड़ की लागत से निर्मित दो एनिकटों के लोकार्पण किया।

लालसोट विधायक रामबिलास मीणा ने समारोह को संबोधित करते हुए इन एनिकटों के निर्माण से क्षेत्र को होने वाले फायदों को रेखांकित किया और क्षेत्र की समस्याओं से जल संसाधन मंत्री को अवगत कराया।

उन्होंने समेल एनिकट पर सुरक्षा दीवार बनाने, गंदे पानी को स्वच्छ बनाने के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने एवं नालावास डेम को स्वीकृत करवाने की मांग की जिस पर जल संसाधन मंत्री ने सभी मांगों पर स्वीकृति के लिए आश्वस्त किया। वंदे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के विधानसभा संयोजक डॉ. शंभु लाल कुईवाला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता मांगीलाल मीना ने बताया कि मोरेल नदी पर समेल होदायली में निर्मित एनिकट से सात गांवों एवं ढाणियों तथा ग्राम बाड़ा के पास एनिकट निर्माण से पांच गांवों एवं ढाणियों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि 19 करोड़ 82 लाख रुपए से निर्मित समेल एनिकट से समेल, होदायली, गुजरहेरा, मंडलिया, जगसरा, गुमानपुरा सहित सात गांव एवं आसपास की कई छोटी ढाणियां लाभान्वित होंगी ।

इस अवसर पर लालसोट नगर परिषद सभापति पिंकी चतुर्वेदी, जल संसाधन विभाग के एडिशनल चीफ इंजीनियर देवी सिंह बेनीवाल, लालसोट उपखंड अधिकारी विजेंद्र मीना, लालसोट तहसीलदार अमितेश मीना, निर्झरना तहसीलदार सीमा घुणावत, जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभुदयाल शर्मा, जल संसाधान विभाग के रमाशंकर शर्मा, मांगीलाल मीना, जालंधर मीना, संगीता मीना तथा अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं आमजन उपस्थित थे।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर श्याम नगर थाने में करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ चौदह जून (शनिवार) को शाम 5 बजे से रात आठ बजे तक पुलिस थाना श्यामनगर में जनसुनवाई करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर(अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनन्द, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल,सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला, मानसरोवर एवं वैशाली नगर एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पुलिस थाना श्याम नगर, सोडाला, महेश नगर, शिप्रा पथ, मानसरोवर, वैशाली नगर, करणी विहार एवं चित्रकूट क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

## 'जुलाई में एक लाख करोड़ ...

एमओयू की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने में राइजिंग राजस्थान समिट एक मजबूत स्तम्भ साबित हो रहा है। समिट ने प्रदेश में ऐसा औद्योगिक वातावरण तैयार किया है, जिसमें निवेशकों के लिए अधिकतम सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित हो रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो घोषित पॉलिसी लंबित हैं, उन्हें 31 जुलाई तक अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि जारी हो चुकी पॉलिसी के शेष नोटिफिकेशन भी 30 जून तक जारी किए जाएं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण एमओयू के भूमि आवंटन की स्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कमेटी गठन के आदेश दिए, ताकि एमओयू के आधार पर उद्योगों एवं निवेशकों की भूमि सम्बंधी आवश्यकता को चिन्हित किया जा सके। शर्मा ने इस दौरान नागरिक उड्डयन, पर्यटन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, नगरीय विकास एवं आवासन, कृषि तथा खान विभाग से संबंधित एमओयू की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे तथा जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े।